Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to open bank branches in Nabarangpur Parliamentary Constituency, Odisha.

श्री बलभद्र माझी (नबरंगपुर):उपाध्यक्ष महोदय, आज विश्व आदिवासी दिवस है, इस अवसर पर मैं सभी को और विशेष कर अपने आदिवासी भाई-बहनों को बधाई देता हूँ।

महोदय, नोटबंदी के दौरान जो दिक्कतें पैदा हुई थीं, मेरे क्षेत्र में जो आदिवासी बहुल एरिया है, वहां नोटबंदी की दिक्कतें अभी तक हल नहीं हुई हैं। महोदय, वहां पर एक तो इंटरनेट की सुविधा नहीं के बराबर है। बैंक की शाखाएं और एटीएम बहुत कम हैं। उसके बाद नबरंगपुर संसदीय क्षेत्र के तीन जिलों – मलकानगिरी, नबरंगपुर, कोरापुर विशेषकर नबरंगपुर जिले में कैश रिक्वायरमेंट 150 करोड़ रुपये के आस-पास है, लेकिन वहां पर सिर्फ पचास करोड़ रुपये के आस-पास ही उपलब्ध हैं, जिसके चलते आज के दिन कस्टमर को लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है। बीते दो-तीन सालों से वहां बैंक की कोई नई ब्रांच भी नहीं खुली है और न ही एटीएम पर्याप्त हैं। इसके चलते लोगों को बहुत मुश्किलें हो रही हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूँ कि वहां बैंकों की कुछ शाखाएं खोली जाएं । ब्लॉक हैडक्वाटर्स तक में बैंक शाखाएं नहीं हैं। वहां एटीएम लगाए जाएं । पर्याप्त स्टॉफ दे कर पर्याप्त कैश मुहैया कराया जाए, जिससे लोगों की दिक्कतें हो सकें ।

धन्यवाद ।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra and Dr. Kulmani Samal are permitted to associate with the issue raised by Shri Balbhadra Majhi.